मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

ई–5 पर्यावरण परिसर, अरेरा कालोनी, भोपाल

क्रमांक /स्था/प्रनिबो/2015 भोपाल, दिनांक

–: कार्यालय आदेश :–

राज्य बोर्ड की 139 वीं बैठक दिनांक 28.11.2015 के एजेण्डा बिन्दु क्रमांक 2.4 पर लिये गये निर्णय अनुसार सिंहस्थ 2016 के आयोजन हेतु क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन, को समस्त प्रशासकीय एवं वित्तीय व्यय स्वीकृति प्रदान करते हुये उपरोक्त कार्यो के निष्पादन हेतु अधिकृत किया जाता है।

(ए0 ए0 मिश्रा)
सदस्य सचिव

पृ0क्रमांक 3263 /स्था/प्रनिबो/2015 भोपाल,दिनांक 08-12-15

प्रतिलिपि :–

1. स्टॉफ ऑफीसर, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं अध्यक्ष, म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. श्री व्ही.के.अहिरवार, डायरेक्टर (पर्यावरण) मुख्यालय, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
3. क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. आर्डर बुक/आईटी शाखा/गार्ड फाइल

(ए0 ए0 मिश्रा)
सदस्य सचिव

अध्यक्ष की अनुमति से अतिरिक्त एजेण्डा

एजेण्डा बिन्दु कमांक – 2.4

विषय :– औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप, जिला रायसेन में क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के कार्यालय भवन निर्माण को म.प्र. गृह एवं अधोसंरचना विकास मण्डल से कराने हेतु रू. 4.26 करोड़ की स्वीकृति हेतु।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल का वर्तमान में कार्यालय मुख्यालय भवन की एक्सटेंशन बिल्डिंग में भूतल पर संचालित हो रहा है । जल एवं वायु अधिनियमों के अन्तर्गत किये गये प्रावधानों को लागू करने के लिये क्षेत्रीय कार्यालय के साथ क्षेत्रीय प्रयोगशाला की आवश्यकता भी होती है । वर्तमान में केन्द्रीय प्रयोगशाला, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के लिये क्षेत्रीय प्रयोगशाला का दायित्व भी निर्वहन कर रही है । क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के कियाकलापों के लिये भी वर्तमान में उपलब्ध कार्यालय भवन पर्याप्त नहीं है । विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत बोर्ड के दायित्वों में निरंतर वृद्धि हो रही है अतः क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के लिये भविष्य में और भी अधिक जगह की आवश्यकता होगी जिसके परिप्रेक्ष्य में इस कार्यालय के पत्र कमांक 3009 दिनांक 02/9/2015 के माध्यम से क्षेत्रीय अधिकारियों को स्वतंत्र रूप से कार्यालय भवन निर्माण हेतु शासकीय भूमि आवंटित कराने के निर्देश दिये गये थे ।

म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, भोपाल से मण्डीदीप स्थित औद्योगिक क्षेत्र में 7000 वर्गफीट का भू–खण्ड क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के भवन निर्माण हेतु आवंटित किया है। भू–खण्ड की लागत रू. 3,30,068.00 (तीन लाख तीस हजार अडसठ रूपये मात्र) का भुगतान म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, भोपाल को किया जा चुका है ।

क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल द्वारा म.प्र. गृह एवं अधोसंरचना विकास मण्डल से भवन निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त किया गया है जिसके अनुसार जी+4 मंजिला भवन का निर्माण एवं परिसर विकास इत्यादि का कार्य किया जावेगा, जिसकी अनुमानित लागत रू. 4.26 करोड़ है । इस कार्य हेतु राज्य बजट अनुदान के तहत् वार्षिक योजना 2016–17 में प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित कार्य म.प्र. गृह एवं अधोसंरचना विकास मण्डल से कराने हेतु प्रशासकीय, वित्तीय व व्यय की स्वीकृति अनुशंसित है ।

प्रस्ताव राज्य बोर्ड के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत ।